# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अरपताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656/13-7 Fax 0291-2612086


क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./ जो.स्त.स./का.वि./2022/4683. दिनांकः– 11/11/2022

## –:कार्यवाही विवरणः–

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना कमांक प.17(1)नविवि/अभियान/2021 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा गठित जोन स्तरीय समिति की 08/2022 वीं बैठक दिनांक 19.10.2022 को उपायुक्त (उत्तर) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सपन्न हुई जिसमें उपस्थित सदस्य/अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ठ–1 पर संलग्न है। बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर लिये गये निर्णय निम्नानुसार हैः–

**एजेण्डा संख्या 01.**

विषय :– जोन स्तरीय समिति की 07/2022 वीं बैठक जोन उत्तर के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।

निर्णय :– **समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त गत बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।**

| एजेण्डा संख्या | विषय |
|---|---|
| 02. | राजस्व ग्राम दईजर के खसरा संख्या 100/1 से 100/4, 100/4/1, 100/5, 100/9 का कार्यालय जोविप्रा जोधपुर द्वारा जारी पट्टा अनुसार प्रदुषण रहित ईको फ्रेण्डली उद्योग प्रयोजनार्थ भूखण्ड संख्या 15 कुल क्षेत्रफल 1511.11 वर्गगज में से भूखण्ड संख्या 15 का पश्चिमी हिस्सा बनाप 977.33 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 15 का पूर्वी हिस्सा बनाप 533.33 वर्गगज का उपविभाजन बाबत्। |

**प्रकरण के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार है :–**

1. प्रकरण में जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा खसरा संख्या 15 राजस्व ग्राम दईजर में क्षेत्रफल 1511.11 वर्गगज का प्रदूषण रहित ईको फ्रेण्डली उद्योग प्रयोजनार्थ एकल पट्टा विलेख जारी किया गया था।
2. दिनांक 24.03.2021 की कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है।
3. विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार प्रकरण से संबंधित कोई वाद न्यायालय में लम्बित नही है, तथा इस आशय का शपथ–पत्र भी प्रार्थी द्वारा पेश किया गया है।
4. प्रकरण में जोन से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड संख्या 15 (W) में लीज राशि के 81,755/– व भूखण्ड संख्या 15 के पूर्वी हिस्से की 46,600/– लीज राशि बनती है। जो प्राधिकरण कार्यालय में जमा करवाई जानी अपेक्षित है।
5. प्रकरण में स्वामित्व की रिपोर्ट ली जानी अपेक्षित है।
6. प्रकरण में अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट ली जानी अपेक्षित है।
7. प्रकरण के संबंध में 17.10.2022 को आम सूचना जारी की जा चुकी है।
8. मूल भूखण्ड में तत्कालीन भवन विनियम के अनुसार 05, 03, 03, 2.5 मीटर सैटबेक रखते हुए साईट प्लान जारी किया गया था। उक्त अनुसार चाहे गए उपविभाजित भूखण्ड का सेटबैक सुरक्षात्मक दूरी एवं बी.पी.सी एल.पी की बैठक दिनांक 12.05.2022 के नीतिगत निर्णय के बिन्दु संख्या 6 के अनुसार भूखण्ड संख्या 15 का पश्चिमी हिस्सा एवं भूखण्ड संख्या 15 का शेष हिस्सा का सेटबैक 05, 03, 03, 2.5 मीटर एवं 03, 2.5, 2.5, 3 मीटर कमशः रखे जाने अपेक्षित है।

**निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त निम्नलिखित शर्तो के साथ अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया–**

01. एजेण्डा के बिन्दु संख्या 4 के कम में बकाया लीज राशि जमा करवाकर अग्रिम कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।
02. एजेण्डा के बिन्दु संख्या 5, 6 के कम में जोन स्तर से रिपोर्ट प्राप्त की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

03. उपविभाजित भूखण्ड का सेटबैक सुरक्षात्मक दूरी एवं बी.पी.सी एल.पी की बैठक दिनांक 12.05.2022 के नीतिगत निर्णय के बिन्दु संख्या 6 के अनुसार भूखण्ड संख्या 15 का पश्चिमी हिस्सा एवं भूखण्ड संख्या 15 का शेष हिस्सा का सेटबैक 05, 03, 03, 2.5 मीटर एवं 03, 2.5, 2.5, 3 मीटर कमशः रखे जाने अपेक्षित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| तहसीलदार<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | सहायक / अधिशाषी अभियन्ता<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | उप नगर नियोजक<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | उपायुक्त (उत्तर)<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण |

क्रमांकः F37.(3) / नि.आ. / जो.स्त.स. / का.वि. / 2022 / 4684-88 दिनांकः– 11/11/2022

**प्रतिलिपी :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
3. निदेशक (आयोजना) महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
4. उपायुक्त उत्तर, जो.वि.प्रा., जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सहायक / अधिशाषी अभियन्ता, जो.वि.प्रा., जोधपुर
6. तहसीलदार, जो.वि.प्रा., जोधपुर

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव, जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

**परिशिष्ट–"1"**

जोन स्तरीय समिति की 08 / 2022 वीं बैठक दिनांक 19.10.2022 को उपायुक्त (उत्तर) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष चन्द शर्मा, निदेशक आयोजना, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 2. | श्री श्रवण विश्नोई, उपायुक्त (उत्तर), जो.वि.प्रा. जोधपुर। | संयोजक |
| 3. | अधिशाषी अभियंता, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री अनुज अग्रवाल, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 5. | प्रियंका चौपडा, सहायक नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य सचिव |
| 6. | सुश्री प्रतिज्ञा सोनी, तहसीलदार जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य |

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव, जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर